# समाचार

# सेनेटाईजेशन हेतु लायंस क्लब ने निगम को दिया वाहन सहित मशीन




कोरबा 06 मई 2021 –लायंस क्लब कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र में सेनेटाईजेशन का कार्य किए जाने हेतु निगम को वाहन सहित सेनेटाईजेशन मशीन प्रदान की गई है। आज निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह में लायंस के पदाधिकारियों व सदस्यों ने निगम के अधिकारियों को वाहन सहित सेनेटाईजेशन मशीन सौपी।

यहां उल्लेखनीय है कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कोरोना के विरूद्ध लड़ी जा रही इस बड़ी लड़ाई में नगर के स्वयंसेवी व सामाजिक संगठनों से यथासंभव सहयोग एवं सहभागिता देने का आव्हान किया है। कलेक्टर श्रीमती किरण कौशल ने भी नगर की स्वयंसेवी व सामाजिक संस्थाओं से इस दिशा में अपना सहयोग देने का आग्रह किया है। नगर की अनेक स्वयंसेवी संस्थाएं कोरोना के विरूद्ध लड़ी जा रही इस जंग में अपनी सहभागिता मजबूती के साथ दे रही है। कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने की दिशा में सेनेटाईजेशन का कार्य एक महत्वपूर्ण कदम है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद के मार्गदर्शन एवं आयुक्त श्री एस.जयवर्धन के दिशा निर्देश में नगर निगम कोरबा द्वारा निगम के वार्डो, बस्तियों, सार्वजनिक स्थलों, अस्पतालों, शासकीय कार्यालयों, सुलभ शौचालयों सहित अन्य स्थानों का सेनेटाईजेशन लगातार कराया जा रहा है। निगम के सेनेटाईजेशन कार्य में और अधिक गति आए इस दिशा में आवश्यक सहयोग करते हुए लायंस क्लब कोरबा द्वारा निगम को वाहन सहित सेनेटाईजेशन मशीन उपलब्ध कराई गई है। आज निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह में लायंस पदाधिकारियों ने निगम के अधिकारियों को उक्त सेनेटाईजेशन मशीन प्रदान की। इस मौके पर लायंस क्लब के ट्रस्ट चेयरमेन श्रीकांत बुधिया, डिस्ट्रिक गर्वनर जे.पी.अग्रवाल, लायंस अध्यक्ष सतेन्द्र वासन, निगम के स्वास्थ्य अधिकारी व्ही. के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी व सुनील वर्मा, लायन राजकुमार अग्रवाल उत्सव, राजकुमार अग्रवाल श्वेता, संतोष खरे सहित क्लब के अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।